रामलीला मैदान की ऐतिहासिक रैली से भाजपा में बेचैनी: रजनीश कुमार झुन्ना



गयाजी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा भागलपुर में आयोजित जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधीपर की गई टिप्पणी और लगाए गए आरोपों पर गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रजनीश कुमार झुन्ना ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधीको अपने परिवार की नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं और बेरोजगारों के भविष्य की चिंता है। यही कारण है कि वे सड़क से संसद तक जनताके अधिकारों और लोकतंत्रकी रक्षा की आवाज उठा रहे हैं। रजनीश कुमारने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यदि देश के 140 करोड़ लोगोंको अपना परिवार मानते हैं, तो उन्हें बताना चाहिए कि इस परिवारके युवाओं को रोजगार कब मिलेगा? महंगाई से परेशान आम जनता को राहत कब मिलेगी? किसानोंकी आय और मजदूरोंकी आर्थिक स्थिति में सुधार कब होगा? केवल भाषणों में देशवासियों को परिवार बताने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही भी निभानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन को राहुल गांधी पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने के बजाय देशके वास्तविक मुद्दों पर जवाब देना चाहिए। राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर उठाए जा रहे सवाल लोकतांत्रिक व्यवस्थाको मजबूत करने की पहल हैं। चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाना किसी संस्था को कमजोर करना नहीं, बल्कि उसकी जवाबदेही सुनिश्चित करे की लोकतांत्रिक प्रक्रिया है।


विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से सामाजिक कार्यकर्ता की मौत

टिकारी (आससे)। टिकारी प्रखण्डके मऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत घिरसिंडी गांव में बुधवार सुबह करंट लगनेसे 54 वर्षीय सामाजिक कार्यकर्ता सह किसान पुरुषोत्तम सिंह की मौत हो गई। घटनाके बाद गांवमें शोक की लहर दौड़ गई। जैसा कि मालूम हो पुरुषोत्तम सिंह बुधवार सुबह अपने घरके बाहर कुछ काम कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक एलटी बिजली तारकी चपेटमें आ गए। करंट लगने से उनकी हालत गंभीर हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उन्हें अनुमंडल स्वास्थ्य केंद्र टिकारी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मउ थाना की पुलिस अनुमण्डलीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और शवको अपने कब्जेमें लेकर अत्यंत परीक्षणके लिए मगध मेडिकल कालेज सह अस्पताल भेज दिया। पुरुषोत्तम सिंह की असामयिक मौतपर क्षेत्र के रविंद्र शर्मा, मुकेश शर्मा ऊर्फ टन, सुनील चन्द्रवंशी, पंकज चन्द्रवंशी, अनिरुद्ध चन्द्रवंशी, नीरज चन्द्रवंशी सहित अन्य लोगो ने गहरा दुख प्रकट किया।

रूस में अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत हुआ बिहार का छठ महापर्व

शैलेन्द्र कुमार ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

गयाजी। बिहार की सांस्कृतिक विरासत और भारतीय परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा करते हुए शैलेन्द्र कुमार ने सोमवार, 2 नवंबर 2026 को भारतीय समयानुसार रात 10.30 बजे रूसके सेंट पीटर्सबर्ग से आयोजित आनलाइन अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम में भारत और बिहार का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें विभिन्न देशों के लगभग 30 युवा प्रतिभागी शामिल हुए।



कार्यक्रममें शैलेन्द्र कुमारने छठ महापर्व पर प्रस्तुति देते हुए इसकी चार दिवसीय परंपराओं नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य के साथ सूर्य उपासना, प्रकृति के प्रति आभार और सामाजिक एकता का संदेश साझा किया। कार्यक्रम में अन्य देशोंकी सांस्कृतिक परंपराओं पर भी प्रस्तुतियां हुईं, जिनमें आर्मेनिया का टंतकंअंत, मोल्दोवा का डंतघ्यघ्वत, वियतनाम का ज्ज्ज स्रवंद छहष, अर्जेंटीना का मे रिवोल्चयूशन डे , बेलारूस का कूपेल और ईरान की सांस्कृतिक परंपराएं शामिल थीं।

छठ महापर्व की तस्वीरों और प्रस्तुति को प्रतिभागियों ने सराहा तथा तालियों के साथ उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी। यह संवाद विभिन्न देशों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक समझ, मित्रता और आपसी सम्मान को बढ़ावा देने का अवसर बना। शैलेन्द्र कुमारने कहा, छठ महापर्व बिहार की पहचान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और लोक आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है। इसके माध्यम से हम सूर्य, जल और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सांस्कृतिक विरासत साझा करना गर्व की बात है।

उल्लेखनीय है कि शैलेन्द्र कुमार सितंबर 2026 में रूसमें आयोजित आईएफवाई 2026 में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। उन्हें वर्ष 2020-21 के लिए एनएसएस राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जिसे राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 24 सितंबर 2022 को राष्ट्रपति भवनमें प्रदान किया था।

मोकरी आहर में समाया आठ वर्षीय लवकुश, बुझ गया घर का चिराग

फतेहपुर (आससे)। टनकुप्पा थाना क्षेत्र के सोनबीघा गांव में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गम में डुबो दिया। मोकरी आहर में डूबने से आठ वर्षीय लवकुश कुमारकी मौत हो गई। घरका सबसे छोटा और सबका दुलारा लवकुश अब इस दुनियामें नहीं रहा। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवारमें चीख-पुकार मच गई। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब दो बजे लवकुश गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्रके पीछे मोकरी आहरके पास दो-तीन अन्य लड़कों के साथ शौचके लिए गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पानीसे भरे आहरमें जा गिरा। गहराई अधिक होने के कारण वह पानी में डूबने लगा। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद बच्चे को आहर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। लवकुश गांव निवासी रवि यादव ऊर्फ नरेश यादवका सबसे छोटा पुत्र था। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था और पहली कक्षा में पढ़ता था। बेटे को खोने के सदमे में मां बार-बार बेहोश हो जा रही थी। परिजनोंके करुण विलाप से वहां मौजूद ग्रामीणोंकी आंखें भी नम हो गईं। थानाध्यक्ष बसंत कुमार राय ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करनेके बाद शव को पोस्टमार्टमके लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज अस्पताल, भेज दिया गया है।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।
Email-ee.hajipur1.bcd@gmail.com
सूचना
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक–2211(अनु0) दिनांक–23.10.2026 द्वारा निर्गत अति अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2026–27, जिसका पी0आर0 संख्या–014349(BCD)2026–27,जो दिनांक–28.10.2026 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, को अपरिहार्य कारण रद्द किया जाता है।
(ई0 खुर्शीद अहमद खान)
कार्यपालक अभियंता,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।
PR- 014728 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

विकसित भारत युवा संसद 2027 के जिलास्तरीय कार्यक्रम का सीयूएसबी में सफल आयोजन

राज्यस्तरीय चरण के लिए तीन प्रतिभागियों का चयन

गयाजी। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद (वीबीवाईपी) 2027 के जिला स्तरीय चरणका आयोजन किया गया। भारत सरकार के माय भारत मंच से संबद्ध प्रतिष्ठित युवा नेतृत्व एवं नागरिक सहभागिता पहल का औपचारिक उद्घाटन सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात प्रो. सिंह ने अपने उद्बोधन में नीति संबंधी समझ विकसित करने तथा देश के लोकतांत्रिक भविष्य को आकार देने में



युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में भाग लेनेके लिए 120 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया तथा और सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। डा. अनिल कुमार, एनएसएस, कार्यक्रम पदाधिकारी सीयूएसबी ने बताया कि जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का मुख्य विषय राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित नीतिगत मुद्दा हएक राष्ट्र, एक चुनाव था। प्रतिभागियों ने अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए संवैधानिक मूल्यों, शासन व्यवस्था तथा सार्वजनिक नीतियों के प्रति अपनी समझ का परिचय दिया।

जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन पाँच सदस्यीय प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में शामिल सदस्य क्रमशः डा. अनिल कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रो. पवन कुमार मिश्रा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, प्रो. उषा तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक, प्रो. प्रणव कुमार एवं श्री मणि प्रताप थे। अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक भाषण प्रतियोगिता के उपरांत निर्णायक मंडल ने शीर्ष तीन विजेताओंकी घोषणा की। समीर संजय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मनीष कुमार द्वितीय तथा नगूज़ निज़ाम तृतीय स्थान पर रहे। जिले के प्रतिनिधियों के रूप में चयनित इन तीनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है, जिसका आयोजन बिहार विधान सभा में किया जाएगा। इस यात्र का समापन राष्ट्रीय स्तर पर होगा, जहाँ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रतिभागी 9-10 जनवरी 2027 को नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक भारतीय संसद में अपने नवोन्मेषी विचारों एवं नीतिगत सुझावों को प्रस्तुत करेंगे।

राजेश कुमार मिश्रा बने भारतीय बेरोजगार पार्टीके बिहार प्रदेश अध्यक्ष

गया जी। गयाजीके राजेश कुमार मिश्रा को भारतीय बेरोजगार पार्टी का बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लखनऊ शहरके चारबाग में निजी प्रतिष्ठान में पार्टीके स्थापना दिवस समारोहमें राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार द्विवेदीने आधिकारिक घोषणा की। वही नव नियुक्त बिहार प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार



मिश्राने संबोधन में बताया कि पार्टी के द्वारा जो हमे दायित्व मिला है उसे मैं मजबूतीके साथ संगठनको मजबूत बनाने और युवाओ से जुड़े हर मुद्दों को संकल्पबद्ध होकर पूरा करूंगा। स्थापना दिवस के अवसरपर आयोजित समारोहमें कहा कि युवाओ को स्वावलंबी बनाने के अपने संकल्प को हर हाल में पूरा करूंगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया पार्टी पदाधिकारियोंने उम्मीद जताई कि नए पदाधिकारी संगठनके साथ युवाओ की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे और रोजगारके हर मुद्दोंको मंचपर रखकर अपनी भूमिका निभानेका प्रयास करूँगा

बिहार सरकार
समाहरणालय, सहरसा
(जिला योजना कार्यालय)
ई–मेल–dpo.saharsa-bih@nic.in
निविदा आमंत्रण सूचना
सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत माननीय सांसद श्री उपेन्द्र कुशवाहा (राज्यसभा) द्वारा सहरसा के **सौरबाजार प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत चन्दौर पश्चिमी के समदा के वार्ड नं0 12 में माँ दुर्गा मंदिर के निकट हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन कार्य का अनुशंसा प्राप्त हुआ है।** प्राप्त अनुशंसा के आलोक में 16 मीटर उँचाई का विद्युत संचालित हाईमास्ट LED लाईट/(200Watt x 10 arms) का हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन करने हेतु संबंधित ख्याति प्राप्त फर्मों/विक्रेताओं/प्रतिष्ठानों से मुहरबंद लिफाफा में अलग–अलग निविदा दिनांक **02.12.2026** को **01:00 बजे अपराह्न** तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा को अध्यक्ष जिला क्रय समिति –सह– उप विकास आयुक्त, सहरसा के समक्ष उनके कार्यालय वेश्म में दिनांक **02.12.2026** को **04:00 बजे अपराह्न** में खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते है। क्रय की जानेवाली सामग्रियों की विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, सहरसा से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त कर सकते है, अथवा जिला के बेबसाईट www.saharsa.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।
PR- 014779 (Planning) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
उप विकास आयुक्त,
सहरसा।

न्यू वोकेशनल बिल्डिंग में स्थित दुकान का खुला टेंडर

गयाजी। शहर के प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक महाविद्यालय मिर्ज़ा ग़ालिब कालेज नियमानुसार कार्य करने के लिए जाना जाता है। कालेज प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में न्यू वोकेशनल बिल्डिंगमें स्थित दुकान को किराए पर देने के लिए



टेंडर निकाला गया था। इसमें टेंडर भरने की तिथि 27.10.2026 से 02.11.2026 थी। यह सीलबंद टेंडर 4 नवंबर 2026 को 3 बजे दिनमें कालेज परिसर में खोला गया। इसके लिए सचिव शासी निकाय शकील अहमद खान द्वारा एक तीन सदस्यी समिति बनाई गई थी। इसके संयोजक एस. कैसर सरफुद्दीन, अध्यक्ष शासी निकाय, सदस्य शाह जमा अनवर, संयुक्त सचिव शासी निकाय तथा सदस्य एस एम ओबैदुल्लाह, उपाध्यक्ष शासी निकाय थे। ये सीलबंद टेंडर खोलते समय समितिके साथ सचिव, शासी निकाय शकील अहमद खान और कालेज के प्राचार्य डा मो अली हुसैन भी मौजूद थे। टेंडर खोलने के बाद मो मतलूब आलम, निवासी न्यू करीमगंज गयाजीको उच्च बोलीके आधार पर किराए पर दुकान दी गई। इसमें कुल 19 व्यक्तियोंने टेंडर भरा था। टेंडर की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता का ध्यान रखा गया और सभी लोगों की मौजूदगी में सील बंद लिफाफा खोला गया।

पंच-सरपंच संघ की बैठक में लिये गये कई निर्णय

गया जी। नगर के गांधी मैदान स्थित गांधी मंडप मे जिला स्तरीय पंच सरपंच की बैठक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह की उपस्थिति मे जिला अध्यक्ष बबिता कुमारीकी अध्यक्षता मे बुधवार को हुई। बैठक मे कई बिंदुओंपर विस्तार से चर्चा चली! वहीं अध्यक्ष



ने उपस्थित सभी सदस्योंसे होने वाले विधानसभा सत्र के समय संघ के आहवान पर होने जा रहे धरना प्रदर्शन अनशन में अधिक से अधिक भागीदारी निभाए जाने की बात कही! पंचायती राज अधिनियम का गठन, 2006 से पेंशन लागू करने, ग्राम कचहरीको सारी सुविधा प्रदान करने सहित अन्य विषयोंसे संबंधित प्रस्ताव पारित किए गए। जिले के विभिन्न प्रखण्ड के दर्जनों पंच सरपंच बैठक मे उपस्थित थे। बैठक का संचालन डा अशोक कुमार ने किया! रामप्रवेश सिंह, बिनोद पासवान, महेश कुमारसुमन, सुनील कुमार शर्मा, रामबली पासवान, महेन्द्र, भानु प्रताप सहित दर्जनों पंच सरपंच इस मौके पर उपस्थित थे! बैठक की समाप्ति पर बेलगंज पंच सरपंच संघ के अध्यक्ष सियाशरण यादव के निधन पर दोमिनट का मौन रहकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए परमेवर से प्रार्थना किया गया!

अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्षों ने नये विभागाध्यक्ष को दी बधाई

बोधगया (आससे)। मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के नए विभागाध्यक्ष प्रो सहदेव बाऊरीको पूर्व विभागाध्यक्षों ने पुष्पगुच्छ देकर बधाई और आशीर्वाद दिया। कुछ ही दिन पहले गौतम बुद्ध महिला कालेज गया के आचार्य डा सहदेव बाऊरी को स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है। पूर्व विभागाध्यक्ष रहे प्रो विश्वनाथ सिंह, प्रो राजेश्वर प्रसाद सिंह तथा प्रो अश्विनी कुमारने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उम्मीद जताई कि विभाग की शैक्षणिक गरिमा को आगे ले जाएंगे। उन्हें गौतम बुद्ध महिला कालेज में वित्तेक्षक तथा प्रभारी प्रधानाचार्यके रूप में कार्य करने से प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त हुआ है। मगध विश्वविद्यालयके अर्थशास्त्र विभाग पूर्वमें अपने शैक्षणिक गरिमा और शोध के लिए जाना जाता रहा है उसे और ऊँचाई मिलेगी। 2003 से अपनी शैक्षिक यात्रा शुरू करने वाले डा सहदेव बाऊरी ने अपने गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त होनेपर कहा कि आप लोगोंके पदचिन्ह पर चलकर विभाग की गरिमा को बनाए रखेंगे। आप सभी लोगों का विभाग में बहुमूल्य योगदान रहा है। आपके सारस्वत साधना का विभाग में स्वागत होगा और समय समय पर उपयोग किया जाएगा। विभाग को गर्व है कि कई विद्वान आचार्यों का सानिध्य मिल रहा है। सभी पूर्ववर्ती आचार्यों ने विभागाध्यक्ष के साथ साथ सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष का भी दायित्व संभाला है।



बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना
अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–62 वर्ष 2026–27
निम्नलिखित कार्य हेतु समान प्राकृति के कार्यो का पर्याप्त अनुभव रखने वाले निबंधित आपूर्तिकर्ता/निर्माणकर्ता/अधिकृत एजेंसी/संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–07.11.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है। कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना का कार्यालय होगा ।
सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।
कार्य की विस्तृत विवरणी

क्र0म0सं0	कार्य का नाम
1.	SITC of UPS for Central Hall Extension Building, Bihar Vidhan Sabha & Bihar Vidhan Parishad at Vidhan Mandal Patna.

PR- 014810 (B C D) 2026-27
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना।

कांग्रेस पार्टी ने निकाला वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ मार्च

गयाजी। कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधनके सर्वमान्य नेता, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, आमजनों की आवाज राहुल गांधी के आहवान पर सम्पूर्ण देशभर में वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ प्रोटेस्ट की कड़ी में आज देश के ऐतिहासिक गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधीके अस्थि कलश स्तुब से कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, कांग्रेस सेवादल, इंटक के संयुक्त तत्वावधानमें शांतिपूर्ण मार्च निकाला गया जो राय काशीनाथ मोड़, गया व्यवहार न्यायालय, समाहरणालय, होते अम्बेडकर पार्क स्थित अम्बेडकर प्रतिमा के पास समाप्त हुआ। वोट बचाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ मार्च में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक



मोहम्मद खान अली, वार्डपार्षद प्रतिनिधि सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि किशोर शिशु, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, सुनील कुमार पासवान, धर्मेन्द्र कुमार निराला, इंदल पासवान, अनिल यादव, खिजीर हयात, नवाब अली, अर्जुन गुप्ता, शंभू शरण सिंह, मदन सिंह, अताब आलम खान, सुजीत गुप्ता, सुमित्र देवी, शिवानी देवी, सावित्री देवी, बरती देवी सुनील रविदास, अनिल रविदास, प्रदीप मांझी, गोपी किशन, विनोद पासवान, वीरेंद्र मांझी, सुबोध कुमार, आदिने कहा कि भाजपा उल्टा चोर, कोतवाल को डांटे वाली कहावतको चरितार्थ करते हुए भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में विपक्ष की भूमिका, विपक्ष की आवाज को दबाने हेतु सत्ता पक्ष होते हुए लोकतंत्र बचाव, अराजकता हटाओ पदयात्र का ढोंग रच कर जुमले बाज़ी कर रही है।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एनसटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल — गुरुवार, 5 नवंबर 2026

मेष-	आर्थिकपक्ष बेहतर, आय के नवीन स्रोत, व्यापार में विस्तार, कठिनाइयों का निराकरण।
वृषभ-	आज दिन 9/35 बजे तक परेशानी तदुपरान्त आर्थिक प्रगति, सद्विचारों का उदय, धनलाभ।
मिथुन-	आज दिन 9/35 बजे तक वांछित प्रगति, परिजनों का सहयोग तद्नन्तर आर्थिक हानि।
कर्क-	समय शुभ, विवाद हल, कर्ज की निवृत्ति, लाभ का सुयोग, परिवार में खुशी का माहौल।
सिंह-	बुद्धि का विकास, आर्थिक सफलता, जिम्मेदारी हेतु व्यय, धन की प्राप्ति, प्रसन्नता।
कन्या-	आज दिन 9/35 बजे तक व्यय की अधिकता, एकाग्रता का अभाव तत्पश्चात् आर्थिक उन्नति।
तुला-	आज दिन 9/35 बजे तक अभीष्ट सिद्धि तदुपरान्त मानसिक तनाव, प्रतिष्ठा में कमी, व्यर्थ भ्रमण।
वृश्चिक-	लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख सुलभ, इच्छित पद की प्राप्ति, अभिलाषा की पूर्ति।
धनु-	व्यवसायिक उन्नति, पुरुषार्थ में रुचि, राजनैतिक कृत्यों में रुचि, संत समागम से खुशी।
मकर-	आज दिन 9/35 बजे तक जीवनसाथी से तनाव, विवाद सभव तदनन्तर धनागम से मन प्रसन्न।
कुम्भ-	आज दिन 9/35 बजे तक नवसमाचार से खुशी, यात्रा सुखद तत्पश्चात् योजना अधूरी, धनहानि।
मीन-	विशिष्टजनों से सम्पर्क, मसला हल, मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ, हर्ष।

आज है जिनका जन्मदिन — 5 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 5 का स्वामी ग्रह बुध एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। विश्वसनीय और निष्ठावान व्यक्ति होंगे। लगातार कार्य करते रहना पसन्द करेंगे। किसी के अधीन रहकर कार्य नहीं करना चाहेंगे। कठिनाइयों के समय भी आत्मविश्वास कायम रख सकेंगे। आपमें साधारण विश्लेषणात्मक क्षमता होगी। किसी भी समस्या पर तुरन्त निर्णय लेने में सक्षम होंगे। कुछ जल्दबाजी प्रवृत्ति के होंगे। जिससे नुकसान सम्भव होगा। उदढ़ेश्य की पूर्ति हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। स्वार्थगुण आपमें विशेष रूप से विद्यमान रहेगी। साथ-साथ दूसरों को भी प्रसन्न रख सकेंगे। आपके जीवन में आधुनिकता का समावेश रहेगा। आत्मिक शांति हेतु जीवन में कई बार परिवर्तन करेंगे। कला-संगीत प्रेम होंगे। इष्ट देवी-देवता की आराधना पूजा-पाठ नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंग की वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बुधवार के दिन हरे रंग से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। समाज सेवा निष्काम भाव से करें। गाय को मीठी रोटी नियमित रूप से खिलावें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ बुं बुधाय नमः	मास	: जनवरी, नवम्बर एवं दिसम्बर
व्रत	: बुधवार	वर्ष	: 5, 14, 23, 32, 41, 50, 59, 68
दिन	: रविवार, गुरुवार एवं शनिवार	रंग	: सफेद एवं हरा
दिनांक	: 5, 14, 23	जन्मरत्न	: पन्ना
अंक	: 4, 6, 8	जड़ी	: विधारा की जड़
उपरत्न	: एक्वामैरीन	दिशा	: उत्तर

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 नवम्बर से 20 नवम्बर, 21 नवम्बर से 20 नवम्बर

यन्त्र

9	4	11
10	8	6
5	12	7

सुडोकू ५००५

				6				8
4	2						1	
		9			1			3
	1		2					
			7		4			
						4	2	
5								
3				9				

9	4	1	7	5	8	6	3	2
6	3	7	1	9	2	5	8	4
2	5	8	3	6	4	7	9	1
3	8	4	6	1	9	2	5	7
7	2	6	5	8	3	4	1	9
1	9	5	4	2	7	8	6	3
4	7	9	8	3	5	1	2	6
8	6	2	9	7	1	3	4	5
5	1	3	2	4	6	9	7	8

नियम: खेलने का: दिये गये खेल और नम्बरों को पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। इस पहेली खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के प्रत्येक खानों में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। खानों की 3x3 के प्रत्येक घनमें भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल अब कल देंगे। हल: ५००४